कार्यालय प्राचार्य शासकीय नवीन विधि महाविद्यालय, इन्दौर

जी.ए.सी.सी. परिसर, भँवरकुँआ चौराहा, ए.बी.रोड़, इन्दौर

दिनांक : 02/01/2021

आज दिनांक 02.01.2021 को शासकीय नवीन विधि महाविघालय, इंदौर द्वारा साईबर सिक्योरिटी एण्ड साईबर लॉ विषय पर स्वामी विवेकानंद कॅरियर मागदर्शन योजना के अंतर्गत बेबिनार आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न स्थानों से 556 विद्यार्थी, अध्यापकगण एवं विधि से संबंधित विद्वानों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में **श्री योगेश पंडित** (Faculty of Cyber Security and Cyber Law at administrative Academy Bhopal) न अपने उद्‌बोधन में विद्यार्थियों को साईबर क्राइम एवं साईबर सिक्योरीटी से संबंधित विषयों से अवगत कराया। जिसके अंतर्गत साईबर काईम क्या है, साईबर फाड क्या है, सेटेलाइट वार क्या है और साईबर सिक्योरिटी क्या है एवं साईबर इस्टालकिंग आदि विषयों पर विस्तृत रूप से इस कार्यक्रम में चर्चा की गई।

महाविघालय के **प्राचार्य डॉ ईनार्मुरहमान** द्वारा अपने अध्यक्षीय उद्‌बोधन में साईबर सिक्योरिटी एवं साईबर लॉ से संबंधित बेसिक कानून से विद्यार्थियों को अवगत कराया।

अतं में विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए प्रार्चाय महोदय ने कहा कि साईबर सिक्योरिटी एवं साईबर लॉ इक्कीसवीं सदी की बहुत महत्वपूर्ण विषय है। लेकिन शोध से यह दर्शित है साईबर टेक्नोलॉजी के माध्यम से ही अपराधी अपनी पहचान को छिपा लेता है, वही दूसरी ओर यह भी है कि जो पीड़ित पक्षकार है वह अपनी प्रतिष्ठा धूमिल होने के डर से अपराध की सूचना देने से परहेज करता है। इसमें विद्यार्थियों को कॅरियर निर्माण के लिये अपार अवसर उपलब्ध है।

कार्यक्रम के अंत में **प्रोफेसर विपिन कुमार मिश्रा** द्वारा आभार व्यक्त किया गया। जिसमें इस कार्यक्रम को सफल बनाने में **प्रोफेसर श्वेता जैन** (टीपीओ स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना) का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

डॉ. ईनार्मुरहमान
प्राचार्य
शा. नवीन विधि महाविद्यालय, इन्दौर

Scanned by TapScanner